# सतगुरू जी का सत्संग प्रोग्राम - फिलिपीन्स, दिसम्बर 2025

## सवाल-जवाब की प्रक्रियाएं

एक सवाल-जवाब का सैशन होगा । सतगुरू जी से सवाल करने के लिए एक टोकन सलैक्शन सिस्टम बनाया गया है । अगर आप को कोई सवाल पूछना हैं, तो कृपया इन बातों को ध्यान में रखें ।

1 . अगर आपके पास समय हैं, तो पहले मेन हॉल मे अपनी जगह रख कर बाद मे सवाल-जवाब के चुनाव स्थान में जाएं जो कि ग्राउंड फ्लोर के ॲक्ज़िलरी हॉल में हैं । इस ग्राउंड फ्लोर का पता लगाने के लिए सत्संग सेंटर मैप को देखे ।

2 . चुनाव स्थान सुबह 7:00 बजे से लेकर 8: 30 बजे तक खुला रहेगा । अगर आप को सवाल पूछना हैं, तो **कृपया सुबह 8:30 बजे से पहले वहॅा पहुॅच जाएं** ।

3 . सवाल पूछने वालों की **उम्र 18 साल या उससे ऊपर** होनी चाहिए । **14** से **17** साल के युवा भी सवाल पूछ सकते हैं, लेकिन उनमे से केवल एक लड़का और एक लड़की को ही चुना जायेगा ।

4 . सवाल पूछने वालों को टोकन सिस्टम से चुना जाएगा । कुछ टोकन में नम्बर लिखे होगें और कुछ में नहीं । जिनका **नम्बर वाला टोकन निकलेगा,** सिर्फ उन्हें हीं सवाल पूछने का मौका मिलेगा ।

5 . अगर आप का चुनाव नही होता हैं, तो आप सत्संग हॉल में अपनी सीट पर वापस चले जाएं ।

6 . चुने जाने के बाद **किसी और को बीच में खड़े होकर सवाल-जवाब के सेंशन के दौरान सवाल पूछने की अनुमति नहीं हैं । जिनका चुनाव होगा सिर्फ वे ही सवाल पूछ सकते हैं** ।

7 . सवाल सिर्फ अग्रेज़ी, हिन्दी या पंजाबी मे पूछें जा सकते हैं ।

8 . अगर आप फिलिपीनो भाषा में सवाल पूछना चाहते हैं, तो आपको अपना सवाल अग्रेज़ी में एक कागज़ पर लिखना पड़ेगा । अगर आप को अनुवाद करवाने में मदद चाहिए, तो ॲक्ज़िलरी हॉल के सेवादार आप की सहायता कर सकते हैं ।

9 . अगर आप चुने गए हैं, तो सेवादार आप को मेन हॉल में सवाल-जवाब के लिए निधार्रित सीट पर लेकर जाएगें । कृपया बैठने के लिए अशंरिग सेवादारों के निर्देशों का पालन करें ।

10 . सवाल छोटे और स्पष्ट होने चाहिए ।

11 . कृपया **एक व्यक्ति एक ही** सवाल पूछें ।

12 . सवाल सिर्फ रूहानियत के बारे में ही होने चाहिये । सवाल निजी, आर्थिक, सेहत, पारिवारिक या राजनीतिक समस्याओं के बारे में नहीं होने चाहिए ।

13 . दूसरों की ओर से सवाल ना पूछें ।

14 . लम्बे नोट, कविताएॅ या चिट्टियॅा ना पढ़ें । शबद या गाना भी ना गाऐं ।

15 . जब सतगुरू जी आप के सवाल का जवाब दे रहे हों, तो उनको बीच में ना रोकें । आप कुछ बोलने से पहले उनको अपनी बात खत्म करने दें ।